निष्कर्ष

उपरोक्त अध्ययन के आधार पर यह कहा जा सकता है कि खबरों के प्रसार में सोशल मीडिया मार्केटिंग की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सोशल मीडिया वर्त्तमान में एक मार्केटिंग टूल के रूप में उपयोग किया जा रहा है। आज सभी समाचार पोर्टल्स का सोशल मीडिया पर अपना पेज है, उस पेज के माध्यम से वे अपनी खबरों को सोशल मीडिया पर प्रसारित करते हैं।

भास्कर डॉट कॉम व पत्रिका डॉट कॉम के फेसबुक पेज के अवलोकन से यह बात निकालकर आती है की सोशल मीडिया का उपयोग यह समाचार पोर्टल्स शोकेस की तरह करते हैं जहां वे अपने समाचार पोर्टल के सबसे महत्वपूर्ण व पाठकों को लुभाने वाले खबरों को पोस्ट किया करते हैं। सोशल मीडिया पाठकों को न्यूज़ पोर्टल्स की साइट पर खींच कर लाने का काम करता है।

ऑनलाइन समाचार पढ़ने वाले ज्यादात्तर पाठक सबसे ज्यादा सोशल मीडिया पर सक्रिय रहते हैं इसलिए समाचार पोर्टल्स उन्हे टार्गेट कर खबरों को सोशल मीडिया पर उपलब्ध कराते हैं। समाचार पोर्टल्स सोशल मीडिया पर पूरी खबर नही पोस्ट किया करते हैं वे खबर के शीर्षक के साथ अपने साइट की लिंक दे कर यह लिख देते हैं की 'पूरी खबर पढ़ने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें'। इस प्रकार अगर किसी पाठक को वह खबर अच्छी लगती है तो वह उसपर क्लिक करके खबर प्रदान करने वाले की साइट पर चला जाता है जिसके लिए पाठक को सिर्फ एक क्लिक करने की जरूरत होती है। इस प्रकार एक पोस्ट के माध्यम से समाचार पोर्टल्स अपने साइट पर सीधे पाठकों को खींच लाते हैं।

सोशल मीडिया पर मुख्य रूप से वैसी खबरों को ज्यादा महत्व दिया जाता है जो सॉफ्ट नेचर की हो यानि इन्फोटैनमेंट टाइप की जिसमें खबर के साथ थोड़ी जानकारी भी मिल जाये। हार्ड न्यूज़ या क्राइम से जुड़ी खबरों को सोशल मीडिया पर ज्यादा महत्व नहीं दिया जाता है। वैसी खबरें तभी प्रसारित की जाती है जब कोई ज्यादा महत्वपूर्ण और बड़ी खबर हो।

सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा प्रासारित होने वाली खबरों में वैसी खबरें होती हैं जो दूसरे खबरों से थोड़ी अलग होती हैं, जिसे न्यूज़ पोर्टल्स पर खबरें जरा हटके सेक्शन में लगाई जाती हैं। इन खबरों में कुछ न कुछ अनोखापन होता है जिसके कारण इस प्रकार की खबरें ज्यादा पढ़ी जाती है। इस प्रकार की खबरों को सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा पढ़ा जाता है। दूसरे स्थान पर सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा प्रसारित होने वाली खबरों में बॉलीवुड की खबरें होती हैं जिसमें फिल्मी कलाकारों से संबन्धित मसालेदार खबरों की भरमार होती है। उसमें भी हिरोइनों से संबन्धित खबरें ज्यादा होती हैं यानि कुल मिलाकर फिल्मी गॉसिप की खबरें इसमें ज्यादा पोस्ट की जाती है।

सोशल मीडिया पर खबर को पोस्ट करने का समय भी पहले से निर्धारित किया गया रहता है। यानि किस खबर को किस समय लोग ज्यादा पसंद करेंगे यह भी पहले से तय रहता है। जैसे- अध्यात्म से संबन्धित खबरों को सुबह-सुबह पोस्ट किया जाता है, क्योंकि सुबह लोग इस प्रकार के खबरों को पसंद करते हैं। वहीं शाम के समय मनोरंजन या फिल्मी खबरों को ज्यादा पढ़ा जाता है। इसी प्रकार जब सोशल मीडिया पर ज्यादा ट्रैफिक हो तभी ज्यादा खबरें पोस्ट की जाती हैं। समान्यतः यह देखा जाता है कि सोशल मीडिया पर सुबह 8 से 11, दोपहर 2 से 4 व शाम 7 से रात 11 बजे तक सबसे ज्यादा सोशल मीडिया पर यूज़र एक्टिव रहते हैं।

समाचार पोर्टल्स पर प्रकाशित मात्र 2 से 5% खबरों को ही सोशल मीडिया पर पोस्ट किया जाता है, लेकिन समाचार पोर्टल्स पर आने वाले ट्रैफिक का 60 से 80% हिस्सा सोशल मीडिया से आता है। यानि सोशल मीडिया, समाचार पोर्टल्स के लिए सबसे ज्यादा ट्रैफिक लाता है। इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि सोशल मीडिया मार्केटिंग खबरों के प्रसार में कितनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यहीं कारण है की समाचार पोर्टल्स सबसे ज्यादा ध्यान सोशल मीडिया मार्केटिंग पर देते हैं।

अगर सोशल मीडिया से सबसे ज्यादा ट्रैफिक आता है तो सीधी सी बात है सोशल मीडिया समाचार पोर्टल के लिए सबसे ज्यादा पैसे कमा के देता है। क्योंकि ऑनलाइन मीडिया में जिसकी साइट पर जितना ज्यादा ट्रैफिक रहेगा उतना ही आय विज्ञापन के माध्यम से प्राप्त होगा। इसलिए समाचार पोर्टल सोशल मीडिया का प्रयोग कर अपने साइट पर ट्रैफिक बढ़ाने का प्रयास करता है। यही वजह है कि समाचार पोर्टल्स अपने पेज पर ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने की कोशिश करते हैं ताकि उनकी पहुँच ज्यादा से ज्यादा पाठकों तक हो सके।

सोशल मीडिया के पेज पर जितना ज्यादा लाइक होगा उतना ही ज्यादा खबर पढ़े जाने की संभावना होती है। इसलिए सोशल मीडिया मार्केटिंग का सबसे पहला कार्य अपने पेज को ज्यादा से ज्यादा लाइक करवाना होता है। सबसे ज्यादा मेहनत अपने पेज को लाइक करवाने में ही करनी होती है। इसके लिए समाचार पोर्टल्स कई प्रकार के तरीको का प्रयोग करती है। समाचार पोर्टल्स को सबसे ज्यादा पैसा भी सोशल मीडिया पेज को लाइक करवाने में ही खर्च करना पड़ता है। कुल मिलाकर सोशल मीडिया, समाचार पोर्टल्स के लिए मुख्य आय का स्रोत साबित हो रहे हैं, इसलिए सोशल मीडिया मार्केटिंग की भूमिका ऑनलाइन मीडिया में सबसे ज्यादा मानी जाती है।